**Class : IV** **SUBJECT : HINDI**

## लिंग बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुद्धिमान - बुद्धिमती | साँप - साँपिन | युवक - युवती | प्रिय - प्रिया |
| वर - वधू | बंदर - बंदरिया | सम्राट - सम्राज्ञी | अध्यापक - अध्यापिका |
| नायक - नायिका | भगवान - भगवती | हाथी - हथिनी | ऊँट - ऊँटनी |
| बालक - बालिका | सेठ - सेठानी | धोबी - धोबिन | |

## विलोम शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ - हानि | प्यार - नफरत | नए - पुराने | छोटा - बड़ा |
| अंदर - बाहर | बंद - खुला | ठंडा - गरम | अच्छा - बुरा |
| अपना - पराया | कमज़ोर - ताकतवर | सख्त - नरम | मालिक - नौकर |
| दिन - रात | गाँव - शहर | पीछे - आगे | |

## समानार्थक शब्द :-

| | | |
|---|---|---|
| आम - आम्र, अमृतफल | वर्षा - बारिश, बरसात | घर - गृह, सदन |
| पेड़ - वृक्ष, तरु | धूम्र - धुआँ, धूमक | ग्राम - गाँव, देहात |
| लाभ - फायदा, मुनाफा | कुर्बानी - बलिदान, जीवनदान | राहगीर - यात्री, पथिक |
| प्रबंध - व्यवस्था, इंतज़ाम | | |

## वचन बदलो :

| | | | |
|---|---|---|---|
| गली - गलियाँ | सड़क - सड़कें | मक्खी - मक्खियाँ | लड़की - लड़कियाँ |
| बेटी - बेटियाँ | थाली - थालियाँ | सुविधा - सुविधाएँ | बकरी - बकरियाँ |
| रस्सी - रस्सियाँ | घोड़ी - घोड़ियाँ | खुशी - खुशियाँ | गाड़ी - गाड़ियाँ |
| डिबिया - डिबियाँ | कौआ - कौए | कविता - कविताएँ | |

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द :

| | | | |
|---|---|---|---|
| जिसमें दया है | दयालु | संगीत जानने वाला | संगीतज्ञ |
| बहुत बोलने वाला | वाचाल | भाषण देने वाला | वक्ता |
| लालच करने वाला | लालची | जिसके आने की तिथि न हो | अतिथि |
| प्रतिवर्ष होने वाला | वार्षिक | जहाँ अनाथ बच्चे रहते हों | अनाथालय |
| पढ़ने वाला | पाठक | गाँव में रहने वाला | ग्रामीण |
| जिसका कोई आकार हो | साकार | घोड़े की सवारी करने वाला | घुड़सवार |

## मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ

1. डींग मारना - बड़ी - बड़ी बातें करना
   मेरा पड़ोसी दिन भर डींगें मारता रहता है।

2. तितर - बितर करना - इधर-उधर बिखेर देना
   चोर सारी चीज़ें तितर - बितर कर गए।

3. मन मारना - इच्छा को दबाना
   हमें मन मारकर नहीं जीना चाहिए।

4. ठान लेना - निश्चय कर लेना
   मैंने कक्षा में प्रथम आने की ठान ली है।

5. छक्के छुड़ाना - बुरी तरह हरा देना
   भारत ने क्रिकेट में पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए।

6. नाम डुबोना - बेइज्जत करना
राम ने चोरी करके अपने माता-पिता का नाम डुबो दिया।

7. आग बबूला होना - बहुत गुस्से होना
राम के झूठ बोलने पर पिता जी आग बबूला हो गए।

8. नीचा दिखाना - अपमानित करना
सम्राट भरे दरबार में तेनालीराम को नीचा नहीं दिखाना चाहते थे।

9. आपे से बाहर होना - नियंत्रण खो देना
अपने बारे में अपशब्द सुनकर मोहन आपे से बाहर हो गया।

10. लोहा मानना - श्रेष्ठता स्वीकार करना
अंत में तुम्हें मेरी सूझ-बूझ का लोहा मानना ही होगा।

## संज्ञा

**संज्ञा** - किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।
संज्ञा के पाँच भेद होते हैं-

1. **व्यक्तिवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - कृष्ण, ताजमहल, दिल्ली आदि।
2. **जातिवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी जाति (एक ही प्रकार के प्राणियों, वस्तुओं और स्थानों के नाम) का बोध कराते हैं, उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे -स्त्री, पुरुष, गाय, पशु, नगर, स्कूल आदि।
3. **भाववाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी वस्तु या व्यक्ति के गुण-दोष भाव-दशा आदि का बोध करवाते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - मिठास, मानवता, सत्यता, चतुराई आदि।
4. **द्रव्यवाचक संज्ञा-** जो शब्द किसी धातु, द्रव्य या पदार्थ का बोध कराते हैं उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं जैसे - सोना, चाँदी, पानी, घी, कोयला आदि।
5. **समुदायवाचक संज्ञा-** जो शब्द समूह या समुदाय का बोध कराते हैं, उन्हें समुदायवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - कक्षा, सेना, भीड़ आदि।

### संज्ञा (Activities)

1. **उचित संज्ञा शब्द भर कर वाक्य पूरे करो :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बच्चे | गंगा | पुस्तक | मिठास | पानी | हवाई जहाज |
| फूल | गुड़िया | मैदान | स्कूल | | |

1. पके आम में बहुत -------------------- होती है।
2. --------------------- बहुत ठंडा है।
3. कक्षा में ------------------ पढ़ रहे हैं।
4. मेरी बहन ----------------------- गई है।
5. मेरा गाँव ----------------- नदी के किनारे बसा है।
6. यह --------------- मेरी है।
7. मुझे गुलाब का --------------- बहुत पसंद है।
8. -------------- यातायात का साधन है।
9. बच्चे --------------------- में खेल रहे हैं।
10. मेरी -------------- खो गई है।

2. सही विकल्प के आगे (✓) लगाओ :

1. किसी भी वस्तु, व्यक्ति या स्थान के नाम को --------------- कहते हैं।

क) परिचय  ख) शब्द  ग) संज्ञा  घ) वचन

2. जो शब्द किसी जाति का बोध कराए, उसे ----------------- संज्ञा कहते हैं।

क) व्यक्तिवाचक  ख) जातिवाचक  ग) भाववाचक  घ) समुदायवाचक

3. जो शब्द किसी पदार्थ का बोध कराए, उसे ------------------- संज्ञा कहते हैं।

क) जातिवाचक  ख) द्रव्यवाचक  ग) भावचाचक  घ) समुदायवाचक

4. 'मुम्बई' कौन सी संज्ञा है?

क) व्यक्तिवाचक  ख) भाववाचक  ग) जातिवाचक  घ) समुदायवाचक

5. 'भीड़' शब्द कौन सी संज्ञा है?

क) जातिवाचक  ख) समुदायवाचक  ग) भाववाचक  घ) द्रव्यवाचक

**संज्ञा शब्द को रेखांकित करो व इनके भेद लिखो-**

1. भारत में अनेक पर्वत हैं। ____________________
2. भीड़ ने बसों के शीशे तोड़ दिए। ____________________
3. डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। ____________________
4. चाँदी चमक रही है। ____________________
5. डिब्बे में घी भरा है। ____________________
6. आज जुलूस निकल रहा है। ____________________
7. कक्षा में सभी शांत बैठे हैं। ____________________
8. थकावट के कारण रिक्शावाला रुक गया। ____________________
9. मुगल गार्डन की सुंदरता देखते ही बनती है। ____________________
10. कुतुबमीनार की ऊँचाई बहुत अधिक है। ____________________

## विशेषण

**विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता अर्थात् उनके गुण, दशा, रुप, आकार, संख्या व परिमाण का बोध कराते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

**विशेषण के भेद-**

1. **गुणवाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रुप-रंग का बोध करवाते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - मोटी, पतली, लाल, काला, लालची, दयालु आदि।
2. **संख्यावाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या या क्रम का बोध करवाते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - एक, दो, बीस, कुछ, अनेक, कम, अधिक आदि।
3. **परिमाणवाचक विशेषण-** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के माप-तोल का बोध करवाते हैं, उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे - दो किलो, आठ मीटर, कुछ, थोड़ा आदि।

## विशेषण (Activity)

**विशेषण शब्द को रेखांकित करो व इनके भेद लिखो–**

1. दुबई का हवाई अड्डा विशाल है। ______________________
2. कुछ खिलाड़ी खेल रहे हैं। ______________________
3. वह चार गिलास जूस पी गया। ______________________
4. कमीज़ में दो मीटर कपड़ा लगेगा। ______________________
5. चूहा थोड़े से गेहूँ खा गया। ______________________
6. महाराणा प्रताप वीर सेनापति थे। ______________________
7. करेला कड़वा होता है। ______________________
8. कौरव सौ भाई थे। ______________________
9. पिताजी दो किलो मिठाई लाए। ______________________
10. राजीव ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान पाया। ______________________

**2. रेखाँकित विशेषण शब्दों के भेद दिए गए विकल्प में से चुनो :**

1. रामू नीली कमीज़ पहनकर आया है।

   क) गुणवाचक    ख) संख्यावाचक    ग) परिमाणवाचक    घ) संकेतवाचक

2. मेरे पास पाँच सौ रुपए हैं।

   क) परिमाणवाचक    ख) गुणवाचक    ग) संख्यावाचक    घ) संकेतवाचक

3. चार किलो चीनी ले आओ।

   क) संख्यावाचक    ख) संकेतवाचक    ग) गुणवाचक    घ) परिमाणवाचक

4. मैंने एक मोटे व्यक्ति को देखा।

   क) गुणवाचक    ख) संख्यावाचक    ग) परिमाणवाचक    घ) संकेतवाचक

5. भिखारी को थोड़ा खाना दे दो।

   क) परिमाणवाचक    ख) गुणवाचक    ग) संख्यावाचक    घ) संकेतवाचक

**3. उचित विशेषण चुनकर रिक्त स्थान भरो :**

1. करेले का स्वाद ------------------ होता है।

   क) मीठा    ख) खट्टा    ग) नमकीन    घ) कड़वा

2. गाय का ------------------ दूध पीना चाहिए।

   क) बासी    ख) खट्टा    ग) ताज़ा    घ) फीका

3. उस ----------------- भवन को देखो।

   क) विशाल    ख) नकली    ग) अजनबी    घ) मीठे

4. वर्ष में ----------------- महीने होते हैं।

   क) दस    ख) बीस    ग) बारह    घ) तीन

5. गन्ने का रस ---------------- होता है।

क) काला  ख) खट्टा  ग) मीठा  घ) फीका

6. कमीज़ के लिए दो ------------- कपड़ा ले आओ।

क) किलो  ख) लीटर  ग) मीटर  घ) ग्राम

## पाठ - 2 : रसीले आम

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. मौसम | 2. श्रावण | 3. गुठली | 4. गूदेदार | 5. कुशलता |
| 6. कोपलें | 7. किस्म | 8. चमत्कार | 9. समझदार | 10. मनमोहक |
| 11. सिंदूर | 12. तैयार | 13. टहनी | 14. प्रसन्न | 15. गुजरात |

**शब्द-अर्थ :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. टहनी = डाली | 2. कोपलें = नई पत्तियाँ | 3. नस्ल = प्रजाति |
| 4. किस्म = प्रकार | 5. मंजरी = फूल | |

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. रसीले आम का नाम सुनते ही हमें कैसा लगता है ?**
उ. रसीले आम का नाम सुनते ही हमारे मुँह में पानी आ जाता है।

**प्र2. आमों के नाम किस आधार पर रखे जाते हैं?**
उ. आमों के नाम उनके गुण, आकार या रंग आदि के आधार पर रखे जाते हैं।

**प्र3. सिंदूरी आम की क्या विशेषता है?**
उ. इसका रंग सिंदूर जैसा लाल होता है।

**प्र4. कलमी पौधा कैसे तैयार किया जाता है?**
उ. कलमी पौधा तैयार करने के लिए एक अच्छे गुणवाले पेड़ या पौधे की टहनी काटकर दूसरे पेड़ या पौधे की टहनी पर कुशलता से जोड़ देते हैं। इसे रस्सी आदि से बाँधकर थोड़ा गोबर या खाद भी लगा दी जाती हैं। कुछ दिनों बाद इसमें नई कोपलें निकलती हैं और कलमी पौधा तैयार हो जाता है।

**प्र5. आठ प्रकार के आमों के नाम लिखिए।**
उ. दशहरी, लंगड़ा, सफ़ेद, चौसा, गोला, सिंदूरी, सुर्खा, तोतापुरी।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 22 - 24)

**बहुविकल्पीय प्रश्न:** 1. आम  2. श्रावण  3. तोते की चोंच-सा तिरछा  4. आमों की मंजरी

**किसने किससे कहा :** 1.बसंत ने - पिता जी से  2. पिता जी ने - बसंत से  3. पिता जी ने - बसंत से

**समान अर्थ वाले दो-दो शब्द :** क) आम - आम्र, अमृतफल  ख) वर्षा - बारिश, बरसात  ग) घर - गृह, सदन  घ) पेड़ - तरु, वृक्ष

**द्वित्व व्यंजनों से बनने वाले तीन-तीन शब्द:** क) ब्ब - गब्बर, गुब्बारा, बब्बर  ख) न्न - प्रसन्न, सुन्न, गन्ना  ग) त्त - पत्ता, सत्तर, गत्ता  घ) च्च - बच्चा, कच्चा, सच्चा

**नए शब्द बनाइए :** क) निर्धनता ख) शीतलता ग) सुंदरता घ) स्वच्छता ड.) मित्रता च) सफलता

**विलोम शब्द :** क) छोटा – बड़ा ख) लाभ – हानि ग) प्यार – नफरत घ) अंदर – बाहर

**5. क्रिया शब्द:** क) हँसने ख) मिलते ग) तैयार घ) गिरे

**रचनात्मक उड़ान :** स्वयं करें।

## पाठ – 3 : हंस किसका?

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. पुत्र | 2. घोंसला | 3. प्यार | 4. रक्त | 5. पट्टी |
| 6. चिकित्सा | 7. फ़ैसला | 8. ध्यान | 9. अन्याय | 10. सिद्ध |
| 11. तीर | 12. शरण | 13. चीखने | 14. जीव | 15. पुकारने |

**शब्द-अर्थ :**

1. पुत्र = बेटा
2. रक्त = खून
3. ज़िद = हठ
4. चिकित्सा = इलाज,उपचार
5. सिद्ध = प्रमाणित

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न – उत्तर :**

**प्र1. बगीचे की सुंदरता का वर्णन कीजिए।**
उ. बगीचे में रंग-बिरंगे फूल खिले थे और ठंडी हवा चल रही थी।

**प्र2. रक्त बहने पर सिद्धार्थ ने क्या किया?**
उ. सिद्धार्थ ने हंस का घाव साफ किया और पट्टी बाँधी।

**प्र3. देवदत्त ने कौन-सी बात खुशी-खुशी मान ली?**
उ. देवदत्त ने राजा का फ़ैसला खुशी-खुशी मान लिया।

**प्र4. राजा ने क्या फ़ैसला सुनाया?**
उ. राजा ने फैसला सुनाया कि हंस जिसके पास जाएगा, उसे ही मिलेगा ।

**प्र5. प्रस्तुत कहानी से क्या सीख मिलती है?**
उ. इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मारने वाले से अधिक बचाने वाले का अधिकार होता है ।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 29 – 32)

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1) कपिलवस्तु 2) हंस को 3) देवदत्त 4) सिद्धार्थ

**उचित मिलान कीजिए :** 1) बगीचा – फूल 2) पक्षी – घोंसला 3) देवदत्त – तीर 4) सिद्धार्थ – रक्षा 5) राजा – न्याय 6) हंस – रक्त

**विलोम शब्द :** क) पुराने ख) मारना ग) खुला घ) गरम ड.) बुरा च) पराया

**'र' के रूपवाले दो-दो शब्द :** क) प्रसन्न, क्रम ख) शर्म, गर्म ग) ड्रामा, ट्रक

**नए शब्द बनाइए :** क) कलाकार ख) डाकघर ग) मूर्तिकार घ) बैलगाड़ी ड.) संगीतकार च) राष्ट्रपति

**विशेषण शब्दों को संज्ञा शब्दों से मिलाइए :** क) सुंदर - हंस ख) मोटा - बंदर ग) दयालु - सिद्धार्थ घ) शिकारी - देवदत्त ड.) ठंडी - हवा च) ऊँचा - पहाड़

**वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:** क) मुझे पानी चाहिए । ख) वे खाना खाते हैं। **ग)** ठंडी हवा चल रही है। घ) राजा न्याय करता था । ड.) हंस सिद्धार्थ को मिला।

**रचनात्मक उड़ान :** स्वयं करें।

## पाठ - 5 : निर्मल ग्राम

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. प्रसन्नता | 2. निर्मल | 3. गलियाँ | 4. प्रबंध | 5. बीमारियाँ |
| 6. राहगीर | 7. ऊर्जाग्राम | 8. चिकित्सालय | 9. आज़ादी | 10. कुर्बानी |
| 11. निपटान | 12. स्कूल | 13. कुशलता | 14. शौचालय | 15. संबंधित |

**शब्द-अर्थ :**

1. प्रबंध = इंतजाम 2. राहगीर = यात्री 3. ग्राम = गाँव
4. कुर्बानी = बलिदान 5. लाभ = फ़ायदा

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. पुराने ज़माने में गाँव की क्या दशा थी?**
उ. पुराने ज़माने में गाँव में गलियाँ और घर कच्चे थे। सफाई का उचित प्रबंध नहीं था।

**प्र2. गाँव के चारों ओर क्या बनाई गई है?**
उ. गाँव के चारों ओर एक सड़क बनाई गई है जिसे गाँव की फिरनी कहते हैं।

**प्र3. खाद किससे बनती है? इसका उपयोग कहाँ होता है?**
उ. घरों से निकलने वाले कचरे से खाद बनती है। इसका प्रयोग खेतों को हरा-भरा बनाने में होता है।

**प्र4. जगत के गाँव में क्या-क्या सुविधाएँ हैं?**
उ. जगत के गाँव में डाकखाना, स्कूल, दवाखाना और चिकित्सालय हैं।

**प्र5. आप कूड़ा-करकट कहाँ फेंकते हैं?**
उ. हम कूड़ा-करकट कूड़ेदान में फेंकते हैं।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 44 - 46)

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1) सुखधाम 2. सड़क 3. ऊर्जाग्राम

**सही उत्तर के सामने ✓ लगाओ :** 1. × 2. × 3. √ 4. √

**पर्यायवाची लिखो :** क) धुआँ ख) गाँव ग) फ़ायदा घ) बलिदान ड.) राही च) व्यवस्था

**सर्वनाम शब्द :** क) वह ख) उसकी ग) तुम्हें घ) हमें ड.) तुम

**बहुवचन रूप लिखो :** क) गलियाँ ख) सड़कें ग) मक्खियाँ घ) लड़कियाँ ड.) थालियाँ च) सुविधाएँ

## पाठ - 6 : मेहनत की कमाई

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. इलाके | 2. कीमती | 3. आदेश | 4. रफ़्तार | 5. ईमानदारी |
| 6. परिवार | 7. निठल्ला | 8. क्षमा | 9. आज्ञा | 10. कंगन |
| 11. व्यक्ति | 12. खत्म | 13. प्यार | 14. कामचोर | 15. एहसानमंद |

**शब्द-अर्थ :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. इलाका = क्षेत्र | 2. टहनी = डाली | 3. कीमती = मूल्यवान |
| 4. रफ़्तार = गति | 5. निठल्ला = कामचोर | |

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. कौन-सी चमकती चीज़ घोड़े से गिरी थी?**
उ. राजा का हीरों का हार घोड़े से गिरा था।

**प्र2. मंगू राजा के महल क्यों गया?**
उ. मंगू राजा का कीमती हार लौटाने के लिए महल में गया।

**प्र3. राजा ने मंगू को क्यों रोक लिया?**
उ. राजा ने मंगू की ईमानदारी से खुश होकर उसे रोक लिया।

**प्र4. खेत में मेहनत करने के बारे में मंगू ने राजा से क्या बताया?**
उ. मंगू ने बताया कि खेत में मेहनत करके ही उसे सुख मिलता है।

**प्र5. प्रस्तुत कहानी से आप को क्या सीख मिलती है?**
उ. इस कहानी से सीख मिलती है कि मेहनती व ईमानदार व्यक्ति हमेशा सम्मान पाता है।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 51-54)

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** क) पेड़ की टहनी पर ख) 15 ग) मंगू को खेत में काम करते हुए घ) कीमती कंगन

**वाक्यों को कहानी के अनुसार क्रम में लिखो :** 1) सुबह होते ही वह अपने बैलों को खेत में ले जाता।
2) द्वारपाल ने मंगू को अंदर भेजा। 3) राजा ने मंगू को अपने महल में रोक लिया।
4) मंगू को लाने सिपाही भेजे गए। 5) राजा ने अपना कीमती कंगन मंगू को दे दिया।

**संयुक्त व्यजनों वाले दो-दो शब्द :** 1) क्ष- रक्षा, कक्षा, क्षत्रिय 2. त्र- त्रिशूल, पत्र, सत्र
3) ज्ञ- ज्ञानी, अज्ञान, विज्ञान 4. श्रेया - श्रेया, श्रमिक, परिश्रम

**सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरो :** 1) ने 2) में 3) ने, को 4) के, का

**क्रिया विशेषण चुनकर लिखो :** क) ज़ोर-ज़ोर ख) अचानक ग) तेज़ घ) दिन-भर
ड.) ठाठ-बाट च) धीरे-धीरे

## पाठ - 8 : हिम्मत और समझदारी

**नए शब्द :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. परेशान | 2. जंगल | 3. घरवाली | 4. आश्चर्य | 5. गुफ़ा |
| 6. होशियारी | 7. चिल्लाने | 8. स्वर | 9. हिम्मत | 10. समझदारी |
| 11. सियार | 12. राक्षस | 13. हाँफते | 14. अवश्य | 15. झाड़ियों |

**शब्द-अर्थ :**

1. घरवाली = पत्नी
2. पल = क्षण
3. चतुर = चालाक
4. बेवकूफ = मूर्ख
5. अक्लमंद = बुद्धिमान

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो:**

**प्रश्न – उत्तर :**

**प्र1. शेर के आने पर सियार के बच्चे क्यों चिल्लाने लगे ?**
उ. क्योंकि सियार के कहे अनुसार माँ ने उन्हें चिकौटी काटी थी।

**प्र2. शेर को आता देखकर सियार ने क्या कहा ?**
उ. सियार ने कहा, " मेरा 'झपांग' तो देना। मैं अभी उसे 'भतंग' करता हूँ।"

**प्र3. शेर को रोककर बंदर ने क्या पूछा?**
उ. शेर को रोककर बंदर ने उससे भागने का कारण पूछा।

**प्र4. बंदर डरकर क्यों भाग गया?**
उ. सियार ने बंदर को ही शेर को पकड़ कर लाने की चाल में फँसा दिया। इसलिए बंदर डर कर भाग गया।

**प्र5. प्रस्तुत कहानी से क्या सीख मिलती है ?**
उ. इस कहानी से सीख मिलती है कि हमें संकट में हिम्मत और समझदारी से काम लेना चाहिए।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 65-68)

**बहुविकल्पीय प्रश्न :** 1) जंगल 2) चिकौटी काटती 3) बंदर 4) दो

**शब्दों के शुद्ध रुप में लिखो :** क) चिंतित ख) हिम्मत ग) चिकौटी घ) वारिस
ड.) झाड़ियाँ च) साधारण छ) होशियार ज) समझदारी
झ) उल्लू ञ) आश्चर्य

**सही विराम-चिह्न लगाओ :** क) वे चिंतित थे कि बच्चों को कहाँ रखें? ख) कोई भी गुफ़ा खाली नहीं है।
ग) ठीक है, मैं समझ गई। घ) एक शेर चला आ रहा है।
ड.) क्या, बंदर शेर की पीठ पर बैठा है।

**मूल शब्दों से नए शब्द बनाओ :** क) भाग- भगाया, भागे, भागी ख) दौड़- दौड़ाया, दौड़े, दौड़ी
ग) लटक- लटकाया, लटकाए, लटकाई घ) रो- रोया, रोए, रोई
ड.) चल- चलाया, चलाए, चलाई

**4. संयुक्ताक्षरों से दो-दो शब्द बनाइए :** क) सत्य, प्रत्येक ख) वक्त, रक्त ग) स्वस्थ, स्थाई
घ) पश्चात्, निश्चित

**रचनात्मक उड़ान :** स्वयं करें।

## पाठ – 9 : हीरा – मोती

**नए शब्द :**

1. नाँद
2. आश्चर्य
3. स्थान
4. सख्त
5. निगाहों
6. कोशिश
7. काँजीहौस
8. प्रयत्न
9. व्यापारी
10. व्याकुल
11. अपमान
12. धकेली
13. सूँघा
14. दुर्दशा
15. प्यार

**शब्द-अर्थ :**

1. तंग = परेशान
2. लाचार = विवश
3. काँजीहौस = आवारा पशुओं को रखने की जगह
4. प्रयत्न = कोशिश
5. व्याकुल = परेशान

**पाठ में से 5 शब्द चुनकर उन्हें वाक्य में प्रयोग करो।**

**प्रश्न - उत्तर :**

**प्र1. गया झूरी के पास क्यों गया था?**
उ. गया झूरी के पास कुछ दिनों के लिए उसके बैलों को माँगने गया था।

**प्र2. गया की बेटी ने हीरा-मोती को क्यों खोल दिया ?**
उ. गया की बेटी को हीरा-मोती की दुर्दशा देखकर बुरा लगता था, इसलिए उसने उन्हें खोल दिया।

**प्र3. हीरा-मोती ने साँड का सामना किस प्रकार किया?**
उ. हीरा-मोती ने साँड का सामना साहस से किया।

**प्र4. दीवार में रास्ता बनते ही क्या हुआ?**
उ. दीवार में रास्ता बनते ही धीरे-धीरे सारे जानवर वहाँ से भाग गए।

**प्र5. प्रस्तुत कहानी से क्या सीख मिलती है ?**
उ. इस कहानी से सीख मिलती है कि हमें जानवरों से प्रेम करना चाहिए ।

## पुस्तक अभ्यास (पृष्ठ नं. 76 - 79)

**बहुविकल्पीय शब्द:** 1) अपने घर 2) रूखा-सूखा भूसा 3) व्यापारी ने 4) व्यापारी

**खाली स्थान भरो :** 1) हरी-हरी 2) हड्डियाँ 3) चारे-पानी 4. प्रबंध 5) सूँघा

**विलोम शब्द :** क) ताकतवर ख) नरम ग) नौकर घ) रात ड.) शहर
च) आगे

**सर्वनाम शब्द चुनो:** क) उसने ख) अपने ग) वह घ) उन्हें ड.) उनकी

**वचन बदलो:** क) बेटियाँ ख) बकरियाँ ग) रस्सियाँ घ) घोड़ियाँ ड.) खुशियाँ
च) गाड़ियाँ

**मुहावरों से वाक्य बनाइए :** क) बहुत गुस्सा होना- सुरेश जरा सी बात पर जल-भुन जाता है।
ख) घबरा जाना - शेर को देखते ही मोहन के होश उड़ गए।
ग) हिम्मत न रहना- सीढ़ियाँ चढ़ने पर मुझ में दम बाकी न रहा।
घ) हालत खराब कर देना - धोबी ने गधे का कचूमर निकाल दिया।

## कहानी - अंगुलीमाल और महात्मा बुद्ध

डाकू अंगुलीमाल मगध राज्य के जंगलों में रहता था। वह लोगों की एक उंगली काटकर उसकी माला बनाकर पहन लेता था, जिससे उसका नाम अंगुलीमाल हो गया। डाकू ने एक हज़ार उंगलियाँ पहनने की कसम खाई थी। एक दिन महात्मा बुद्ध उस जंगल के पास वाले गाँव में आए। उन्होंने गाँव वालों से डर का कारण पूछा। गाँववालों ने डाकू के बारे में बताया। अगले दिन वे जंगल की तरफ चल दिए। अंगुलीमाल का सामना महात्मा बुद्ध से हुआ। उसने महात्मा बुद्ध से कहा , "तेरे पास जो कुछ भी है निकाल दे, वरना मैं तुझे मार दूँगा।" बुद्ध ने कहा - "तुम उस पेड़ की टहनी तोड़ लाओ।" अंगुलीमाल टहनी तोड़ लाया। बुद्ध ने कहा कि अब इस टहनी को वापिस पेड़ पर लगा दो। अंगुलीमाल बोला - "टूटी टहनी भला कोई वापिस लगती है?" बुद्ध ने उसे समझाया कि यदि तुम किसी को जीवन दे नहीं सकते तो उसे मृत्यु देने का तुम्हें कोई अधिकार नहीं है। इतना सुनकर वह महात्मा बुद्ध के चरणों मे लेट गया। उसकी आँखों से आँसू बहने लगे। महात्मा बुद्ध ने उसे अपना शिष्य बना लिया और आगे चलकर वह बहुत बड़ा संन्यासी बना।

**शिक्षा : सही मार्गदर्शन मिलने पर व्यक्ति बुराई की राह छोड़कर अच्छाई को चुन लेता है।**

# लेखन कार्य

**सखी / मित्र को सफलता पर बधाई पत्र लिखो :**

गली नं. – 2, पटेल नगर
बरनाला
दिनांक : ---------------
प्रिय मित्र ___________ / सखी ___________
सप्रेम नमस्कार
मैंने आज ही समाचार पत्र में तुम्हारी तस्वीर देखी। पढ़कर बहुत खुशी व गर्व हुआ कि तुमने जिले में सर्वाधिक अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेरी ओर से तुम्हें हार्दिक बधाई। मैं ईश्वर से यही प्रार्थना करता / करती हूँ कि भविष्य में भी तुम इसी तरह सफलता प्राप्त करते / करती रहो।
अंकल-आँटी को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र / तुम्हारी सखी
(नाम)

**ध्यान रखें** : 1. सबसे ऊपर पत्र भेजने वाले का पता लिखा जाता है। यह पत्र आप लिख रहे हैं इसलिए आपका पता आएगा।
2. पते के बाद जिस दिन पत्र लिखा जा रहा है उस दिन की तिथि लिखी जाती है।
3. मित्र / सखी शब्द का प्रयोग लिंग के अनुसार करें।
4. अंत में आप अपना नाम लिखेंगे।

**बड़ी बहन के विवाह पर अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखो :**

सेवा में

प्रधानाचार्य जी
मदर टीचर स्कूल
बरनाला
विषय – बड़ी बहन के विवाह पर अवकाश हेतु ।
महोदय
निवेदन है कि मेरी बड़ी बहन का विवाह _________________ को सम्पन्न होना निश्चित हुआ है। मेरा इसमें शामिल होना अनिवार्य है। अत: आपसे अनुरोध है कि आप मुझे तीन दिन ( _________________ से _________________तक) का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। मैं आपका / आपकी बहुत आभारी रहूँगा / रहूँगी।
धन्यवाद
आपका / आपकी आज्ञाकारी शिष्य / शिष्या
नाम :
कक्षा : चौथी
क्रमांक :
दिनांक :